भारी वर्षा से 4 मरे 150 स्कूली बच्चे फँसे

हैदराबाद, 29 जुलाई-(एजेंसियाँ) प्रदेश में बुधवार तक 26 प्रतिशत अतिरिक्त वर्षा हो जाने के बावजूद तटीय आन्ध्र में अगले 24 घण्टे में और तेलंगाना क्षेत्र में अगले 48 घण्टों में और बारिश होने के आसार हैं। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण इन क्षेत्रों में काफी बारिश हो रही है। पिछले 4 दिनों में वरंगल ज़िले में तीन लोग पानी में बह गये, जबकि पूर्वी गोदावरी ज़िले में एक व्यक्ति डूबकर मारा जा चुका है। इस बीच, आज भारी बारिश के कारण आयी बाढ़ के चलते वरंगल के काशीबुग्घ्टा में 70 परिवारों को स्थानांतरित कर दिया गया। एटुरूनागारम के सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले 150 बच्चे घर वापस जाने की स्थिति में नहीं है और वे पाठशाला में ही रह रहे हैं। पाठशाला के आस-पास भी पानी भर जाने से उन्हें भोजन तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिले में कई तालाबों में दरारें पड़ गयी है, जिससे निचले इलाकों में पानी तेजी से जा रहा है।

आधिकारिक आँकड़ों के मुताबिक बुधवार तक 287.5 मि.मी. की सामान्य वर्षा की तुलना में 363.1 मि.मी. बारिश हो चुकी थी। रायलसीमा क्षेत्र में सामान्य से (अब तक) 55 प्रतिशत बारिश ज्यादा हो चुकी है। यहाँ 164.8 मि.मी. के सामान्य आँकड़े की तुलना में 256.1 मि.मी वर्षा दर्ज हुई है। तटीय आन्ध्र में 270 मि.मी. के सामान्य स्तर के तुलना में 400.8 मि.मी. बारिश हुई, जो कि 48 प्रतिशत अधिक है। तेलंगाना में 8 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। यहाँ सामान्य वर्षा 352.4 है, जबकि अब तक 382 मि.मी. बारिश हो चुकी है।

हालाँकि करीमनगर और आदिलाबाद ज़िलों में अपेक्षाकृत कम बारिश हुई है। करीमनगर में 417.3 मि.मी. के सामान्य स्तर से 21 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई। यहाँ अब तक 329.6 मि.मी. बरसात ही हुई हैं। उधर, आदिलाबाद में 498.5 मि.मी. के सामान्य आँकड़ें की तुलना में 22 प्रतिशत कम 387.95 मि.मी. बारिश दर्ज की गई।

सचिवालय में गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वाई.एस. राजशेखर रेड्डी के स्मारक के संबंध में मंत्री आनम रामनारायण व अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री के. रोशय्या।

वाईएस स्मारक एवं पार्क के डिज़ाइन को मंजूरी

हैदराबाद, 29 जुलाई-(मिलाप ब्यूरो) मुख्यमंत्री के. रोशय्या ने आज डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी मेमोरियल एवं लेक व्यू पार्क के डिज़ाइन को स्वीकृति दे दी है। आईमैक्स के सामने बनाए जाने वाले इस पार्क को कैबिनेट मंत्रियों के एक समूह ने भी अपनी मंजूरी दे दी हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने आज ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम में रिक्त पदों पर भर्ती तथा नये पदों के निर्माण के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी।

यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वाईएसआर की स्मृति में यहाँ गार्डन, सब-वे एवं वाईएसआर द्वारा प्रारंभ की गयी कल्याणात्मक एवं विकासात्मक कार्यक्रमों के प्रतीक भी स्थापित किये जाएँगे। यह परियोजना 11 एकड़ भूमि पर आधारित होगी। इसमें रंगीन पानी का फव्वारा और वाईएसआर की विशाल प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। इसके निर्माण के लिए हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण से कहा गया है कि वह पर्यावरण संबंधी स्वीकृति उच्चतम न्यायालय से प्राप्त करे।

मुख्यमंत्री रोशय्या ने आज डॉ. वाईएसआर मेमोरियल के प्रस्ताव के डिज़ाइन की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने जेएनएनयूआरएम तथा जीएचएमसी की विभिन्न परियोजनाओं के कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने जीएचएमसी एवं शहरी विकास विभाग को निर्देश दिये कि सभी जारी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा कर लें। इसके लिए उन्होंने वित्त विभाग को निर्देश दिये कि आवश्यक निधियाँ जारी की जाएँ। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर को झुग्गी-झोपड़ियों से मुक्त कराने संबंधी एक्शन प्लान को भी दिसम्बर अंत तक मंजूरी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 101 विविध परियोजनाओं में से 17 परियोजनाओं को अभी केन्द्र सरकार द्वारा निधियाँ प्राप्त नहीं हुई हैं। उनमें से एक विक़ाराबाद सेटेलाइट टाउनशिप विकास से संबंधित परियोजना को केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत किये जाने की संभावना है, शेष के लिए निधियों की आवश्यकता है। इस समीक्षा बैठक में नागरिक प्रशासन-मंत्री आनम रामनारायण रेड्डी, मुख्यमंत्री के सलाहकार पी.के. अग्रवाल, विशेष मुख्य सचिव (वित्त) जी. सुधीर, हमडा के आयुक्त बी.पी. आचार्य एवं जीएचएमसी आयुक्त डॉ. समीर शर्मा भी उपस्थित थे।

रैगिंग पर अंकुश के लिए सख्ती ज़रूरी : राज्यपाल

हैदराबाद, 29 जुलाई-(मिलाप ब्यूरो) राज्यपाल ई.एस.एल. नरसिम्हन ने शैक्षणिक संस्थाओं से वर्तमान शैक्षणिक वर्ष को जीरो रैगिंग वर्ष के रूप में अमल में लाते हुए रैगिंग पर अंकुश लगाने हेतु सख्त कदम उठाने की आवश्यकता जताई।

आज यहाँ जुबली हाल में विभिन्न विश्वविद्यालयों के उप-कुलपतियों तथा राज्य स्तरीय रैगिंग विरोधी संचालन प्रकोष्ठ की बैठक का उद्घाटन करने के बाद राज्यपाल ने अपने मुख्य सम्बोधन में उक्त आवश्यकता जताई। उन्होंने बैठक में उपस्थित राज्य के पुलिस महानिदेशक आर.आर. गिरीश कुमार द्वारा रैगिंग पर पेश की गयी रिपोर्ट पर भी चिन्ता प्रकट की। गिरीश कुमार ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2007-08 के दौरान कॉलेजों के प्रधानाचार्यों की शिकायतों पर रैगिंग के कई मामले दर्ज किये गये किन्तु एक भी मामले पर क़ानूनी कार्यवाही पूरी नहीं हो पाई है। क्योंकि कॉलेजों के प्रधानाचार्य केवल शिकायतों तक ही सीमित होकर रह गये हैं और इसके बाद की कार्यवाही में पीछे हट जाने के कारण आरोपियों के खिलाफ क़ानूनी कार्यवाही संभव नहीं हो पाई है। गिरीश कुमार ने कहा कि वर्ष 2007-08 के बाद के वर्षों में रैगिंग के मामलों में गिरावट आई है। लेकिन कुछ मामलों में विद्यार्थियों की मौत भी हुई है। उन्होंने बताया कि रैगिंग के कई मामले कॉलेज परिसर के बाहर भी प्रकाश में आए और पुलिस ने इन्हें संगीन जुर्म मानते हुए गम्भीर मामले दर्ज किये, लेकिन कॉलेज प्रबंधन के सहयोग के अभाव के कारण कानूनी कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पाई है।

राज्यपाल ने रैगिंग के मामलों को गम्भीरता से लेते हुए सभी विश्वविद्यालयों के उप-कुलपतियों को रैगिंग पर रोक लगाने के कड़े निर्देश दिये। विशेषकर, कॉलेज परिसर के बाहर स्थित छात्रावासों पर कड़ी नज़र रखने और कॉलेज में भर्ती के समय ही विद्यार्थी और उसके अभिभावकों को रैगिंग के सम्बन्ध में कड़े निर्देश देने की भी आवश्यकता जताई, जिससे कि सारे समाज में रैगिंग के खिलाफ एक अच्छा संदेश जा सके।

राज्यपाल नरसिम्हन ने अपने सम्बोधन में छात्रवृत्ति तथा फीस पुनर्भुगतान के मामले को लेकर दबाव की नीति अपनाते हुए विद्यार्थियों को भड़काने वाले निजी कॉलेजों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अपने निजी स्वार्थ के लिए विद्यार्थियों की भावना को भड़काना अनुचित है। ये कॉलेज विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति और फीस पुनर्भुगतान की रकम पर ही निर्भर है। इसीलिए इस प्रकार के कॉलेजों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का व्यवसायीकरण करना भी अनुचित है और शिक्षा को व्यवसायिक रूप से देखने वाले कॉलेजों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए इन्हें बन्द कर देना चाहिए। उन्होंने उप-कुलपतियों को समयानुसार इस प्रकार के कॉलेजों का औचक दौरा करने के भी निर्देश दिये है। क्योंकि कुछ कॉलेज विद्यार्थियों की उपस्थिति के दो रजिस्टर रख रहे है और दूसरे रजिस्टर में नियमित रूप से कॉलेज न आने वाले विद्यार्थियों की न केवल पूर्ण उपस्थिति दर्शाई जा रही है, बल्कि अच्छे अंक भी दिये जा रहे है। ज्ञात हो कि इस प्रकार के कॉलेज विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए ऐसे पाठ्यक्रमों का भी उल्लेख कर रहे हैं, जिन्हें उच्च शिक्षा परिषद से अनुमति नहीं मिली है। बाद में इसके लिए विश्वविद्यालय को दोषी ठहरा रहे है। उन्होंने कॉलेज में आधारभूत संरचना को मुख्य बताते हुए शत-प्रतिशत आधारभूत संरचना रहने पर ही कॉलेज को मंजूरी देने का सुझाव दिया और कार्यकारिणी परिषद में योग्य लोगों को भर्ती करने की आवश्यकता जताई। इस पर आन्ध्र-प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. के.सी. रेड्डी ने बताया कि आगामी तीन-चार दिन के भीतर ही कार्यकारिणी परिषद की बैठक बुलाई जाएगी।

जुबली हॉल में आयोजित कुलपतियों की बैठक को संबोधित करते हुए राज्यपाल ई.एस.एल. नरसिम्हन। साथ में पुलिस महानिदेशक गिरीश कुमार व अन्य।

प्रवेश परीक्षा पर गम्भीर : राज्यपाल

इसके अलावा राज्यपाल ने क्वालीफाइंग टेस्ट में शून्य अंक आने पर भी विद्यार्थियों को कॉलेज में भर्ती दिये जाने के प्रति भी कड़ी आपत्ति जताई। इस पर हस्तक्षेप करते हुए प्रो. के.सी. रेड्डी ने बताया कि केवल अनुसूचित जाति/जन जाति के विद्यार्थियों को ही इस प्रकार की सुविधा दी गयी है और ऐसे विद्यार्थियों को केवल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया गया और मेडिसीन में इस प्रकार से कोई प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। इस पर राज्यपाल ने नाराजगी से कहा कि 'ऐसा है तो प्रवेश परीक्षा के आयोजन का क्या औचित्य?' आप चाहे तो विद्यार्थियों को जुबली हॉल में भी बुलाकर पहले आओ पहले पाओ की तरह प्रवेश दे सकते है। उन्होंने कहा कि प्रवेश हेतु कम से कम योजना तो होनी ही चाहिए। इस पर के.सी. रेड्डी ने आश्वासन दिया कि अगले शैक्षणिक वर्ष से प्रवेश हेतु न्यूनतम अंक निर्धारित किये जाएँगे। इसके अलावा राज्यपाल ने सभी कुलपतियों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर ध्यान देने की आवश्यता जताई।

तितिदे को लेकर बाबू अब करेंगे तिरुपति पदयात्रा

हैदराबाद, 29 जुलाई-(मिलाप ब्यूरो) बाभली बस यात्रा के तहत आंदोलन कर महाराष्ट्र कूच के बाद अब तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष नारा चंद्रबाबू नायुडू तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (तितिदे) में हो रही धाँधलियों के विरुद्ध तिरुपति पदयात्रा करेंगे।

तेदेपा मुख्यालय एन.टी.आर. भवन में संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए तेदेपा के उपनेता गाली मुद्दु कृष्णमानायुडू ने कहा कि आगामी 7 अगस्त को सुबह 10 बजे तिरुमला पहाड़ पर तितिदे प्रशासनिक कार्यालय के समक्ष तेदेपा मौन प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने तितिदे की प्रतिष्ठा को सारे विश्व में भंग कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि तेदेपा राजनीति से परे होकर तितिदे की पवित्रता को बनाए रखने की माँग को लेकर तिरुमला मन्दिर के मुख्य द्वार के समक्ष मौन धारण कर विरोध जताएगी। उन्होंने कहा कि तेदेपा अध्यक्ष तिरुमला के पहाड़ पर सीढ़ियों से पदयात्रा कर विरोध प्रदर्शन में भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि मन्दिर पर किसी प्रकार की राजनितिक गतिविधियों की अनुमति नहीं है, इसलिए तेदेपा नियमों का उल्लंघन कर कोई भी राजनितिक गतिविधि, नारेबाजी आदि नहीं करेगी। गाली ने कहा कि आगामी 8 अगस्त को तेदेपा अध्यक्ष नारा चंद्रबाबू नायुडू चित्तूर ज़िले के श्रीकालहस्ती एवं काजिपाकम मन्दिर का दौरा करेंगे। उन्होंन आगे कहा कि श्रीकालहस्ती में गालिगोपुरम के गिरने के बाद से उसके निर्माण हेतु कोई कदम उठाए नहीं गए। तेदेपा नेता लिंगारेड्डी ने कहा कि तितिदे बोर्ड को बिहार असेम्बली से भी गया गुजरा बना दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि तितिदे बोर्ड के चेयरमैन के रूप में भ्रष्टाचारियों, नास्तिकों को नियुक्त कर तितिदे की प्रतिष्ठा को भंग किया गया है।

'विकास आधारित दूरी पाटना ही लक्ष्य'

हैदराबाद, 29 जुलाई-(मिलाप ब्यूरो) केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य-मंत्री प्रदीप जैन 'आदित्य' ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में अत्यधिक अंतर की बात स्वीकारते हुए कहा कि इस अंतर को पाटना ही ग्रामीण विकास मंत्रालय का लक्ष्य है। श्री आदित्य ने कहा कि भारत में विकास के दो पहलू हैं, एक ओर अत्याधिक प्रगति के साथ देश आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण इलाकों में पर्याप्त प्रगति नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि इस अंतर को दूर करने पर ही देश का वास्तविक विकास होगा।

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा ऑन रूरल डेवलपमेंट एण्ड मैनेजमेंट (पीजीडीआरडीएम) के द्वितीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री आदित्य ने उक्त विचार रखे। उन्होंने पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उनके समक्ष बहुत सारी चुनौतियाँ हैं। जैसे ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसके क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करना।

मंत्री ने बताया कि सरकार की योजनाओं के प्रति ग्रामीण इलाकों में जागरूकता के अभाव के चलते बहुत सारी योजनाएँ अपेक्षानुसार सफल नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोज़गार गारंटी योजना के तहत देशभर में कुल 11 करोड़ लोगों ने अपना पंजीकरण कराया, जबकि मात्र 70 लाख लोगों ने ही इस योजना का फायदा उठाया। उन्होंने कहा कि इस अंतर के लिए योजना के प्रति जागरूकता का अभाव ही जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं के साथ कई प्रकार के कानून भी बना रही है, जिससे आम आदमी लाभान्वित हो सके। जैसे रोज़गार गारंटी योजना, शिक्षा अधिकार कानून आदि। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित पीजीडीआरडीएम पाठ्यक्रम को अत्यधिक उपयोगी बताते हुए संस्था के प्रबंधकों से पाठ्यक्रम की सीटें बढ़ाने की अपील की। दीक्षांत समारोह के अंतर्गत कुल 50 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई, जिसमें तीन महिलाएँ एवं 2 विदेशी नागरिक भी शामिल थे। अवसर पर एनआईआरडी के महानिदेशक मैथ्यू सी. कुन्मुकल ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त लगभग सभी छात्रों को विभिन्न राज्य सरकारों एवं अन्य संस्थानों ने कैम्पस इंटरव्यू द्वारा रोज़गार दिया है। अवसर पर संस्था के उप-महानिदेशक के.एन. कुमार, कार्यक्रम निदेशक डॉ. पी. दुर्गा प्रसाद, कुलसचिव एम.वी. राव आदि उपस्थित थे।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवास निर्माण शीघ्र करने के निर्देश

हैदराबाद, 29 जुलाई-(मिलाप ब्यूरो) मुख्यमंत्री के. रोशय्या ने आवास निर्माण विभाग के अधिकारियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निर्माणाधीन मकानों एवं राजीव स्वगृहा योजना के तहत जारी कार्यों को यथा शीघ्र पूरा करने के आदेश दिए। उन्होंने वित्तविभाग से भी आवश्यक निधियाँ तत्काल जारी करने को कहा। मुख्यमंत्री ने आवास निर्माण विभाग को निर्माण कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरतने के भी आदेश दिये।

इंदिरम्मा, आंध्र-प्रदेश हाउजिंग बोर्ड व राजीव स्वगृह योजनाओं पर आज सचिवालय में अधिकारियों के साथ सम्पन्न एक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने उक्तादेश दिए। मुख्यमंत्री ने इंदिरम्मा योजना के क्रियान्वयन पर संतुष्टि जताते हुए इसके तहत पिछले एक वर्ष में सम्पन्न गृहनिर्माण कार्यों से कई निर्धनों के लाभान्वित होने की बात कही। अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष से चेक एवं बैंक अकाउण्ट द्वारा भुगतान करने के चलते इस वर्ष योजना केवल 69 शिकायतें दर्ज की गयीं, जबकि पिछले वर्ष (जुलाई 2009 तक) शिकायतों की संख्या 1736 थीं। उन्होंने वित्तविभाग के अधिकारियों से संबंधित जिलाप्रशासन द्वारा सहमति प्राप्त 4 लाख मकानों को भी धन राशि जारी करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इंदिरम्मा योजना के तहत 25 जुलाई 2010 तक राज्यभर में कुल 64.06 लाख मकान पंजीकृत कराए गए, जिनमें 31.69 लाख मकानों का निर्माण कार्य पूरा हुआ, जबकि 1468 लाख मकानों का निर्माण कार्य जारी है।

शब्बीर, वेंकट रेड्डी व केसीआर को चुनाव आयोग की कड़ी फटकार

हैदराबाद, 29 जुलाई-(मिलाप ब्यूरो) मुख्य चुनाव आयोग ने आदर्श चुनाव आचार संहित के उल्लंघन के संबंध में पूर्व मंत्री मो. शब्बीर अली, सूचना प्रौद्योगिकी-मंत्री के. वेंकट रेड्डी तथा तेरास नेता के. चन्द्रशेखर राव द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण के प्रति असंतोष जताते हुए कड़ी फटकार लगाई। आयोग ने इन तीनों नेताओं से भविष्य में इस प्रकार के उल्लंघन से बाज़ आने के लिए भी चेताया।

ज्ञातव्य है कि येल्लारेड्डी से उप-चुनाव लड़ रहे शब्बीर अली को चर्च में चुनाव प्रचार करने के लिए तथा कोमटीरेड्डी वेंकट रेड्डी को प्रचार के दौरान नई सड़क निर्माण का आश्वासन देने के कारण आयोग ने नोटिस जारी किया था। इसके अलावा के. चन्द्रशेखर राव को प्रचार के दौरान आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियाँ करने के कारण आयोग ने दो बार नोटिस जारी किया। शब्बीर अली के स्पष्टीकरण पर असंतोष जताते हुए आयोग ने कहा कि शब्बीर अली को भविष्य में और सतर्क रहना होगा और इस प्रकार के उल्लंघन की शिकायत नहीं होनी चाहिए। आयोग ने शब्बीर अली को भविष्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता के प्रति कर्त्तव्यनिष्ठ रहने की भी हिदायत दी। कोमटीरेड्डी वेंकट रेड्डी के स्पष्टीकरण पर आयोग ने बताया कि 12 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, जहाँ उप-चुनाव हो रहे थे, मंत्री अपने प्रचार में नये कार्यों को मंजूरी नहीं दे सकते हैं और न ही इस प्रकार के आश्वासन दे सकते हैं। आयोग ने उन्हें भी भविष्य में किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका न देने की हिदायत दी।

इसके अलावा आयोग ने के. चन्द्रशेखर राव को जमकर फटकार लगाई। आयोग ने कहा कि एक पार्टी के अध्यक्ष पद पर रहते हुए चन्द्रशेखर राव द्वारा इस प्रकार भड़काऊ व आपत्तिजनक बयानबाज़ी करना अनुचित है। आयोग ने चन्द्रशेखर राव को चुनाव आचार संहिता के निर्धारित निर्देशों के पालन के प्रति कटिबद्ध रहने और भविष्य में इस प्रकार की शिकायत का मौका नहीं देने की भी हिदायत दी। आयोग ने बताया कि के. चन्द्रशेखर राव जैसे बड़े राजनीतिक नेताओं को संयम से काम लेना चाहिए।

युवती पर केरोसिन डालकर आग लगाई

निज़ामाबाद, 29 जुलाई-(मिलाप ब्यूरो) शहर की पोचम्मा बस्ती में गौतमी (18) नामक युवती पर नरेन्द्र नामक युवक ने केरोसिन तेल डाल कर आग लगा दी। इस घटना में गौतमी थोड़ी झुलस गयी। घटना के बाद नरेन्द्र फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि नरेन्द्र गौतमी को प्यार के नाम पर पिछले कुछ समय से प्रताड़ित कर रहा था, जबकि गौतमी ने उसे स्पष्ट कह दिया था कि वह उससे प्यार नहीं करती है। कुछ समय पहले भी नरेन्द्र ने गौतमी पर एसिड से हमला करने का प्रयास किया था। गौतमी ने बताया कि नरेन्द्र ने उसकी हत्या करने का यह दूसरा प्रयास किया है।

तेदेपा नेता वेंकटेश्वर राव गिरफ्तार

विजयवाड़ा, 29 जुलाई-(एजेन्सियाँ) तेदेपा नेता चलसानी वेंकटेश्वर राव (पंडु) को कल देर रात सूर्यारावपेट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इससे तेदेपा विधायक देवनेनी उमा महेश्वर राव ने पंडु की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए सूर्यारावपेट थाने के पास धरना दिया। इस संदर्भ में उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि मंत्री पार्थसारथी के कहने पर ही पुलिस ने पंडु को अवैध रूप से गिरफ्तार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस का रवैया एकपक्षीय रहा है। पार्थसारथी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को अवैध मामलों में फँसाया जा रहा है। इससे पूर्व, नगर पुलिस आयुक्त रामांजनेयुलू ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पंडु की गिरफ्तारी में कोई राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है। सूर्यारावपेट में एक चिकित्सक परिवार से संबंधित सम्पत्ति विवाद के मामले में पंडु के हस्तक्षेप किये जाने के कारण ही उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया और उन्हें कल रात गिरफ्तार किया गया।

भोलकपुर दूषित जलकांड में 5 अधिकारी गिरफ्तार

हैदराबाद, 29 जुलाई -(मिलाप ब्यूरो) भोलकपुर दूषित जल कांड मामले में पुलिस ने आज हैदराबाद महानगर पेयजलापूर्ति एवं मल निकास बोर्ड के पाँच अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भोलकपुर दूषित जलकांड में 13 लोगों की मौत हो गयी थी और कई लोग बीमार हो गये थे। इस संबंध में एक आपराधिक मामला जल बोर्ड के अधिकारियों के खिलाफ चल रहा था। सीसीएस पुलिस की एक टीम ने मुख्य महाप्रबंधक मनोहर बाबू, महाप्रबंधक प्रवीण कुमार, उप-महाप्रबंधक राजशेखर रेड्डी, प्रबंधक डेविड राजू एवं तकनीकी अधिकारी उमा महेश्वर राव को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उन्हें ज़मानत पर रिहा कर दिया गया।

अभिनेत्री आमनी फरार, परिवार के तीन सदस्यों को मिली न्यायिक हिरासत

हैदराबाद, 29 जुलाई-(मिलाप ब्यूरो) दहेज प्रताड़ना के मामले में कल गिरफ्तार तेलुगु फिल्मों की प्रमुख अभिनेत्री आमनी के भाई के. श्रीनिवास, माँ विजयम्मा तथा भाई की दूसरी पत्नी देवीकला को आज अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। महिला पुलिस ने तीनों को स्थानीय अदालत में पेश किया। जबकि आमनी फरार बतायी जा रही है। पुलिस में शिकायत श्रीनिवास की पहली पत्नी के. लीलावती ने दर्ज करवाई थी।

चिरंजीवी को पत्र लिखकर शोभारानी ने जताई नाराज़गी

हैदराबाद, 29 जुलाई-(मिलाप ब्यूरो) प्रजा राज्यम पार्टी (प्र.रा.पा) के अध्यक्ष चिरंजीवी पर सत्तारूढ़ कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों का विरोध करने में विफल होने का आरोप लगाते हुए पार्टी की महिला नेता शोभारानी ने पत्र लिखकर नाराज़गी जताई। प्रारपा महिला नेता शोभारानी ने पार्टी अध्यक्ष चिरंजीवी पर अपने तरकश से कई तेज़ बाण चलाए और कहा कि पार्टी अपने सामाजिक न्याय के एजेन्डे से भटक गई है। उन्होंने कहा कि चिरंजीवी सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध खड़े होने का हर अवसर खो रहे हैं, जिससे पार्टी की छवि जनता में खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि युवा राज्यम का नेतृत्व कौन कर रहा है, महिलाओं की पार्टी में क्या भूमिका है, इस पर प्रश्नचिह्न लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से प्रारपा की दोस्ती के चलते सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध नहीं करना कहाँ तक सही है।

एर्रन ने लगाये मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप

हैदराबाद, 29 जुलाई-(मिलाप ब्यूरो) वरिष्ठ तेदेपा नेता एर्रन नायुडू ने आरोप लगाया कि वर्ष 2004 में कांग्रेस के राज्य में पुन: सत्ता में आने के बाद से लगातार वाईएसआर के साथ-साथ उनके सभी मंत्रियों ने लूट मचाई है।

आज यहाँ संवाददाताओं को संबोधित करते हुए एर्रन नायुडू ने बताया कि सभी मंत्री अपने-अपने परिवारों के सदस्यों को सम्पन्न बनाने के कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा लगातार लगाये जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों की जाँच करने के लिए मुख्यमंत्री के. रोशय्या द्वारा सहमति जताने पर मंत्री उन्हें ऐसा करने से रोक रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि सरकार द्वारा जिन भूमियों का सर्वेक्षण ही नहीं किया गया। ऐसी भूमियों को राजस्व-मंत्री धर्माना प्रसाद राव ने अपने पुत्र को खानों की खुदाई के लिए मंजूर कर दी। बोत्सा सत्यनारायण के भ्रष्ट क्रिया-कलापों के कारण ही वोक्स वैगन कार फैक्ट्री राज्य को नहीं मिली। उसी प्रकार शिल्पा मोहन रेड्डी ने डीवेकेटी पट्टा भूमियों को नियमित करवाने में अनियमितताएँ बरती। उन्होंने कहा कि स्वयं मुख्यमंत्री इन मंत्रियों की भ्रष्ट क्रिया-कलापों को छुपाते-छुपाते स्वयं भी इसमें डूब गये। उन्होंने इन सभी क्रिया-कलापों की जाँच सीबीआई से करवाने की माँग की।

'रोशय्या को कुर्सी खोने का भय'

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) पोलित ब्यूरो सदस्य कड़ियम श्रीहरि ने कहा कि मुख्यमंत्री के. रोशय्या को अपनी कुर्सी गंवाने का भय सता रहा है इसलिए, वे साहसिक निर्णय नहीं ले पा रहे हैं।

तेदेपा मुख्यालय एन.टी.आर. भवन में संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री कड़ियम श्रीहरी, विधान परिषद सदस्य राजेन्द्र बाबू एवं वेणुगोपाल चारी ने मुख्यमंत्री को गिरगिट, नेत्रहीन, असमर्थ, बेशरम, भूलने की बीमारी का रोगी, दद्दम्मा, सन्यासी आदि शब्दों से नवाजते हुए अपनी भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि अपनी असमर्थता छुपाने के लिए मुख्यमंत्री विपक्षी नेता नारा चंद्रबाबू नायुडू पर पलटवार कर भड़ास निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष पर आरोप लगाने से पूर्व मुख्यमंत्री अपने 11 माह के शासन की समीक्षा कर लें। उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र को मनाकर वे कितनी परियोजनाएँ लाने या पड़ोसी राज्यों द्वारा अवैध रूप से निर्मित की जा रही परियोजनाओं का विरोध करने में कहाँ तक सफल हुए जनता को बताएँ। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत डॉ.वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की मौत के बाद 153 विधायकों के विरोध के बावजूद मुख्यमंत्री पद पर काविज़ होने वाले रोशय्या को तेदेपा अध्यक्ष नारा चंद्रबाबू नायुडू पर आरोप लगाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि समय देख पाला बदल गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले मुख्यमंत्री रोशय्या शायद भूल रहे हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री चेन्नारेड्डी के समय वाई.एस.आर. के विरुद्ध उन्होंने ज्ञापन दिया था। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अपने स्तर से नीचे गिर व्यवहार ना करें, तो बेहतर होगा।

तेलंगाना उपचुनावों में तेदेपा की ज़मानत जब्त होने के बारे में सांसद लगड़पाटी राजगोपाल द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लगड़पाटी कौन है?

शहर में आज

☞ **पारम्परिक 11 दिवसीय बोनालू जातरा** का उद्घाटन सूचना एवं सांस्कृतिक-मंत्री जे. गीता रेड्डी सुबह 10.30 बजे शाहअलीबंडा के हरिबाउली स्थित श्री अक्कना मादन्ना महांकाली मंदिर में करेंगी।

☞ **जीएचएमसी** के तत्वावधान में झुग्गी बस्तियों के स्वयं सेवकों तथा फेडरेशन के प्रतिनिधियों की सभा का आयोजन सिकन्दराबाद के हरिहर कला भवन में शाम 4 बजे महापौर बंडा कार्तिका रेड्डी संबोधित करेंगी।

☞ **इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ** के तत्वावधान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के लिए डिग्री प्रदान समारोह का आयोजन शाम 5 बजे जुबली हिल्स, रोड नं. 25 स्थित डॉक्टर एमसीआर एचआरडी में।

☞ **चैरिटी के लिए कलाकृतियों की प्रदर्शनी-सह-बिक्री** का आयोजन जुबली बस स्टैण्ड के सामने, बॉल्टन रोड पर स्थित जैटप्रोल हाउस में सुबह 10.30 से रात 8.30 बजे तक।

☞ **जश्न-ए-उर्दू कार्यक्रम** के अंतर्गत मुशायरा, गजल तथा कार्यक्रम सैफाबाद स्थित रविन्द्र भारती में।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक विनय वीर, डेली हिन्दी मिलाप प्रेस, कट्टलमंडी, हैदराबाद-500 117 से मुद्रित डेली हिन्दी मिलाप, 5-4-674, कट्टलमंडी, हैदराबाद से प्रकाशित। आर.एन.आई. रजिस्टर्ड, रजिस्टर्ड नं. 1137/57, फैक्स : (040) 24732586 (कार्यालय) 24732583 (विपणन विभाग) e-mail : milaphyd@gmail.com